रविवार

07 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




नप चुनावः डुमरांव में पहली बार 70769 मतदाता चुनेंगे चेयरमैन और उप चेयरमैन 3



## प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में किया 26 किमी लंबा रोड शो, खूब लगे मोदी-मोदी के नारे





कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने शनिवार को बेंगलुरु में मेगा रोड शो किया। लगभग 26 किमी तक फैले और लगभग 13 निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करने वाले रोड शो के दौरान, जिस सड़क से प्रधानमंत्री का काफिला गुजरा, हजारों की भीड़ उन्हें देखने के लिए लालायित दिखी। ट्रक के ऊपर सवार होकर पीएम मोदी जनता को अपना हाथ हिलाकर और उनके लिए चीयर कर रही भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने उन पर पुष्प वर्षा भी की। कहीं सड़क किनारे मंदिर के पुजारियों के साथ लोगों ने मंत्रोच्चार किया तो वहीं कई कार्यकर्ता बजरंगबली के झंडे लेकर पहुंचे थे। सड़कों के दोनों ओर भाजपा के झंडे दिखाई दे रहे थे और हजारों पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी भगवा शॉल और टोपी पहने पहुंचे थे। रोड शो के दौरान जिन रास्तों से मोदी का काफिला गुजरा, वहां के लोगों में उसके बाद भी लोगो में उत्साह देखा गया। लोगों ने जमकर मोदी–मोदी के नारे लगाए। कर्नाटक में 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को होगी।

## आतंकवाद को मैं पीएम मोदी से बेहतर समझता हूं : राहुल



♦ चुनावी सभा में बोले राहुल- प्रधानमंत्री कर्नाटक के युवाओं को बताएं कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 40 प्रतिशत कमीशन के खिलाफ क्या किया

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आतंकवाद के विषय को लेकर उनकी पार्टी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए हमले के बाद पलटवार करते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री आतंकवाद की बात करते हैं। उनसे बेहतर मैं आतंकवाद को समझता हूं। मेरे परिवार के लोगों को आतंकवादियों ने मारा है, मेरी दादी को मारा, मेरे पिता को मारा है। आतंकवाद क्या होता है, क्या करता है? इस बात को प्रधानमंत्री से बेहतर मैं समझता हूं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में फिल्म द केरल स्टोरी' को लेकर जारी विवाद का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि वह समाज को तहस-नहस करने वाली आतंकी प्रवृत्ति' के साथ खड़ी नजर आ रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, पिछले तीन वर्षों में भाजपा ने कर्नाटक में चोरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शायद देश की सबसे भ्रष्ट सरकार कर्नाटक की भाजपा सरकार है। आज तक प्रधानमंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने यहां चुनावी सभा में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को बहाने बनाने' के बजाय कर्नाटक के युवाओं को यह बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में 40 प्रतिशत कमीशन' के खिलाफ क्या किया?

### भ्रष्टाचार के बारे में एक शब्द नहीं बोलते मोदी

प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री कर्नाटक में आते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के बारे में एक शब्द नहीं बोलते...प्रधानमंत्री जी, कर्नाटक के युवाओं को बताइए कि आपने भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या किया? राहुल गांधी ने सवाल किया, गैस सिलेंडर पहले 400 रुपये का था, अब 1100 रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री जी ने इसके बारे में क्या किया? पेट्रोल पहले 60 रुपये प्रति लीटर था, अब 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है, इसके बारे में क्या किया? महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री ने क्या किया?

## खबरें फटाफट

### नेपाल में पहाड़ धंसने से बिहार के चार मजदूरों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के इलाम जिला अंतर्गत फिकल में पहाड़ी पर निमार्णाधीन मकान धंसने से किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के चार मजदूरों की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। हादसा शुक्रवार को हुआ। बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान यह हादसा हुआ, जिसके बाद हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार दिघलबैंक के बेरबन्ना गांव के कुछ युवक वहां रहकर मकान बनाने का काम रहते थे। शुक्रवार की शाम मकान का कार्य करने के दौरान पहाड़ धंसने से चार लोग मलबे में दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान अजीमुद्दीन, मोहम्मद अब्दुल, मोहम्मद तौसीफ और मुजफ्फर के रूप में हुई है। वहीं, मृतकों के शव को लाने के लिए उनके परिजन कोशिश में जुटे हुए हैं। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**नीतीश कुमार ने मुआवजे का किया एलान :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेपाल में हुए लैंडस्लाइड में बिहार के किशनगंज जिले के रहनेवाले 04 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने नेपाल हुए लैंडस्लाइड हादसे में बिहार के किशनगंज के रहने वाले 4 मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**ब्लैक फ्राइडे:** ट्रक ने ऑटो को और ट्रैक्टर ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

# अरवल और नालंदा में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत

**केटी न्यूज/अरवल/नालंदा**

शुक्रवार की काली रात बिहार के अरवल और नालंदा के आठ लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। पहली घटना अरवल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर शुक्रवार की देर रात हुई। जब अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना सदर थाना क्षेत्र के हसनपुर कुटी गांव के पास की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ट्रक और ऑटो दोनों औरंगाबाद से अरवल की ओर आ रहे थे। ऑटो आगे चल रही थी। इसी बीच ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए उसे कुचल कर निकल गया, जिसमें पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में आरा के जगदीशपुर के रहने वाले अंकित कुमार के रूप में एक की पहचान हुई है। पुलिस सभी मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है। घटनास्थल पर एसपी मो. कासिम भी पहुंचे हुए हैं। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच को जाम कर दिया। आक्रोशित लोग हादसे में घायल लोगों के साथ ही मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की राशि की मांग करने लगे। वहीं, अरवल के विधायक महानंद सिंह ने सदर अस्पताल जा घटना की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिया। घटना को लेकर विधायक ने दुख प्रकट किया और सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ी चलाते हुए गति पर नियंत्रण रखें और यातायात नियमों का पालन करें।



### बाइक सवार तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**नालंदा।** नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के चूहरचक गांव के पास शुक्रवार की रात तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। ट्रैक्टर के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों दोस्त सड़क किनारे गिर गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों की नजर जब पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों अपने घर के बड़े बेटे थे। अस्पताल पहुंचे लोगों ने बताया कि नई बाइक की पूजा कराने के लिए तीनों दोस्त एक साथ निकले थे। मृतकों की पहचान सरमेरा थाना इलाके के सदहा गांव निवासी जोगी महतो के 22 वर्षीय पुत्र मुरारी कुमार, धर्मेंद्र महतो के 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार और जनार्दन महतो के 24 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है।

**राहुल ने खरीदी थी नई बाइक**

बताया गया कि कुछ दिन पहले ही राहुल ने नई बाइक खरीदी थी। बाइक की पूजा करानी थी। शुक्रवार की शाम राहुल पूजा कराने जा रहा था। दो दोस्त भी साथ गए थे। इनमें रोहित शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया। तीनों के परिजनों में कोहराम मचा है।

### बिहार से हरियाणा जा रही बस दुघर्टनाग्रस्त, छह गंभीर रूप से घायल

**आगरा।** आगरा में यमुना एक्सप्रेस–वे पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। बिहार से हरियाणा जा रही बस का एक्सल टूटा, फिर टायर भी फट गया। इससे अनियंत्रित होकर बस सड़क से नीचे मिट्टी में उतरकर पलट गई। बस में करीब 38 यात्री सवार थे। इनमें 6 यात्री गंभीर घायल हैं। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई। रेस्क्यू करके लोगों को बस से बाहर निकाल लिया गया है। बिहार से वाया दिल्ली, हरियाणा जा रही बस में 38 यात्री सवार थे। हादसा शनिवार को करीब 11 बजे हुआ। झरना नाल के पास बस का एक्सल टूट गया और अगला टायर अचानक बर्स्ट हो गया। बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई। यमुना एक्सप्रेस–वे पर चल रहे लोग अपने वाहनों को रोककर मदद के लिए दौड़े। खाई में नीचे उतरे और मदद के लिए चीख–पुकार कर रहे लोगों को किसी तरह बाहर निकाल लिया। हादसे में 6 लोगों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं हैं, उनके नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस देर रात सीवान, बिहार से दिल्ली होते हुए गुडगांव, हरियाणा जाने के लिए निकली थी। छलेसर चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि ड्राइवर से हादसे के बारे में जानकारी ली गई।

### मोतिहारी में बदमाशों ने एक ठेकेदार को गोलियों से भून दिया

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सुबह-सुबह फायरिंग से पूरा इलाका दहल उठा। शनिवार सुबह करीब 7.30 से आठ बजे के बीच में बदमाशों ने एक ठेकेदार को गोलियों से भून दिया। 20 से 25 राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है। मौके से 18 खोखे बरामद किए गए हैं। घटना फेनहारा थाना क्षेत्र के इजोरबारा की है। अंधाधुंध फायरिंग में बिजली विभाग के ठेकेदार ओमप्रकाश सिंह की मौत हो गई। ओमप्रकाश अपनी स्कॉर्पियो से चालक के साथ मोतिहारी जा रहे थे। ओम प्रकाश सिंह शिवहर जिले के लक्ष्मीनिया गांव के रहने वाले थे। सूचना मिलने के बाद फेनहारा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।






लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सीएम नीतीश पर साधा निशाना

# हिम्मत है तो बजरंग दल को बैन करके दिखाएं नीतीश : चिराग

**केटी न्यूज/पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधा। चिराग ने कहा कि अगर हिम्मत है तो नीतीश कुमार बजरंग दल को बैन करके दिखाएं। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिराग से जब जदयू सांसद की बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जदयू सांसद मांग क्या कर रहे हैं, राज्य में उनकी सरकार है। अगर ताकत है तो बैन करके दिखाएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए, उसके नाम को इस्तेमाल करने के लिए, इस तरह का



बयानबाजी करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि क्या विपक्ष के पास मोदी सरकार से चुनाव जीतने के लिए और दूसरा विकल्प नहीं रहा, जो इस तरह का बयान दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि जेडीयू सांसद के बयान और उस पर नीतीश कुमार की हामी के बाद बीजेपी ने आपत्ति जताते हुए नीतीश सरकार को घेरा था। बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि जेडीयू कांग्रेस की जुबान बोल रही है। मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए हिंदुओं का अपमान कर रही है। आरजेडी बागेश्वर बाबा के आगमन पर बैन लगाने की बात करती है। तो वहीं जेडीयू बजरंग दल पर बैन की बात कर रही है। ये सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। और बिहार की जनता सब समझती है।

### नीतीश बिहार को तो एक कर नहीं पाए विपक्ष को करेंगे

नीतीश के विरोधी दल को एकजुट करने के संबंध में चिराग ने कहा कि बिहार को तो एक कर ही नहीं पाए विपक्ष को क्या एक करेंगे। उन्होंने कहा वे बिहार के लोगों को कभी दलित महादलित, पिछड़े अति पिछड़े, हिंदू मुस्लिम यहां तक कि महिला पुरुष में बांटते रहे और अब एकजुट करने की बात करते हैं। जमुई के सांसद ने कहा कि जदयू बताए कि किस घटना के आधार पर बजरंग दल को बैन करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महज एक राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्ष कर्नाटक में विरोध कर रहा है, तो बाकी के भी विरोधी दल बहती गंगा में हाथ धोना चाहते हैं। इसके आलावा इनके पास कोई ठोस वजह नहीं है।

## खबरें फटाफट

### घर से खेलने निकला किशोर हुआ गायब अनहोनी की आशंका

**मखदुमपुर।** टेहटा ओपी क्षेत्र के इमलिया मोड़ स्थित कुर्था डीह निवासी सिया शरण मांझी का 11 वर्षीय पुत्र करण कुमार मंगलवार के दिन घर से खेलने बाहर निकला जो अब तक घर नहीं लौटा है। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोर का कहीं अता पता नहीं चला तो टेहटा ओपी में परिजनों ने लिखित शिकायत की है। वही आवेदन मिलने के बाद टेहटा पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है। जानकारी देते हुए बच्चे की माता कुसुमरी देवी ने बताया कि बच्चा मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जो मंगलवार के दिन घर से खेलने बाहर निकला था फिर वापस घर नहीं लौटा। घरवालों को किसी अनहोनी का डर सता रहा है।

### सभी थानाध्यक्षों को गंभीर कांडों का निष्पादन जल्द करने का निर्देश

**आरा।** अपराधियों की धरपकड़ और क्राइम कंट्रोल करने के लिए एसपी की ओर से थानाध्यक्षों को नया टास्क दिया गया है। इसके तहत सभी थानाध्यक्षों को तीन माह के गंभीर कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश जारी किया गया है। कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया गया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से शुक्रवार को क्राइम मीटिंग में यह आदेश जारी किया गया। कहा गया है कि पेंडिंग केस के निष्पादन में किसी तरह की कोई कोताही नहीं चलेगी। सभी आईओ को हर हाल में पेंडिंग केस का निष्पादन और अभियुक्तों को गिरफ्तार करना होगा। एसपी की ओर से थानावार कांडों की समीक्षा की गयी और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी की ओर से थाने से जिलास्तर तक के सभी टॉप अपराधियों की सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि थाना स्तर पर टॉप टेन और जिला स्तर पर टॉप फिफ्टी अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है।

# सुधार की कवायद... दर्पण प्लस एप से होगी छपरा जिले के चिकित्सकों की निगरानी

- चमकी बुखार के मरीजों को 24 घंटे सातों दिन मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं
- चमकी बुखार से बचाव के लिए जिले में चल रहा है अभियान
- मोबाइल ऐप के माध्यम से डॉक्टरों को उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य





**केटी न्यूज/छपरा**

चमकी बुखार से पीड़ित मरीजों की चिकित्सकीय सुविधा को सुदृढ़ करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्देश जारी किया गया है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जारी पत्र के माध्यम से कहा गया है कि एईएस प्रभावित जिले में 24X7 चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। ताकि एईएस से ग्रसित मरीजों को समय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराकर स्वस्थ किया जा सके। जारी पत्र में कहा गया है कि जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24X7 संचालन का अनुश्रवण किया जाना है। तभी संभव हो पायेगा जब डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित होकर प्रातः 5 से 6 बजे के बीच मोबाइल एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए दर्पण प्लस एप बनाया गया है। इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

### स्वास्थ्य विभाग चमकी बुखार की चुनौती का सामना करने को तैयार

बच्चों को रात में भूखे पेट नहीं सुलाएं। तेज धूप में बच्चों को नहीं जाने दें। जगह-जगह पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा। किसी तरह की कोई परेशानी होने पर तुरंत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाएं, जहां बच्चे की समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग एईएस और चमकी बुखर की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। सदर अस्पताल समेत सभी पीएचसी में इसके लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। इलाज के लिए उपकरण और दवा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी जा रही है।

### चमकी से बचाव के लिए तीन धमकियां याद रखें

डीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि गंभीर बीमारी चमकी से पीड़ित बच्चों को समय पर इलाज किया जाये तो वह पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष थीम दिया गया है चमकी को धमकी। इसमें तीन धमकियों को याद रखने की जरूरत है, जिसमें पहला यह है कि बच्चों को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलायें। इसके बाद सुबह उठते ही बच्चों को भी जगायें और देखें कि बच्चा कहीं बेहोश या उसे चमकी तो नहीं हुई है। अंत में बेहोशी या चमकी दिखते ही तुरंत एंबुलेंस या गाड़ी से नजदीकी अस्पताल ले जायें। चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों को अस्पताल पहुंचाने के लिए मुफ्त में एंबुलेंस सेवा दी जाती है। इसके लिए पीड़ित को 102 नंबर पर डायल कर एंबुलेंस बुलाना है।

#### इन बातों का रखें ध्यान:

अपने बच्चों को रात में बिना खाना खिलाएं नहीं सोने दें। अगर कोई बच्चा शाम के समय में खाना खाकर सो गया है तो उसे भी रात में जगाकर अवश्य खिलाएं। बच्चों को रात में सोते समय अनिवार्य रूप से मीठा सामग्री यथा-गुड़, चीनी आदि खिलाएं। चमकी बुखार अधिकांशतः रात के 02 बजे से 04 बजे के बीच आक्रामक रूप लेता है। अगर चमकी के साथ तेज बुखार हो तो तुरंत क्षेत्र की एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को सूचित करें। नजदीकी पीएचसी में ले जाकर समुचित उपचार कराएं।

### रिश्तों पर आंच: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव की घटना

# पति के लव अफेयर से परेशान पत्नी ने खाया जहर, पटना रेफर

- पत्नी का आरोप : अवैध संबंध के चक्कर में अक्सर मारपीट करता है पति
- पति बोला: पैसे हड़पने के लिए पत्नी की मां द्वारा ही खिला दिया गया जहर

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में शनिवार की दोपहर पति के अवैध संबंध से परेशान एक आंगनबाड़ी सेविका ने जहर खा लिया। उसकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। उक्त आंगनबाड़ी सेविका सारंगपुर गांव निवासी लालबाबू चौधरी की 25 वर्षीया पत्नी पूनम कुमारी है। वह सनदिया पंचायत के छोटकी सनदिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत है।

उसने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में हुई थी। उसके पति का गांव की एक महिला से शादी से पहले से ही नाजायज संबंध है। शादी के 20 दिन बाद उसी महिला के कारण पति द्वारा उसे मायके बक्सर के पुराना भोजपुर गांव वापस भेज दिया गया था। दो वर्ष बाद जब उसकी आंगनबाड़ी में नौकरी हुई, तो उसे अपने घर ले आया। आंगनबाड़ी से उसे जितने पैसे मिलते हैं, उसका पति वह उस औरत को दे देता है। उस महिला के कारण वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और मर जाने का ताने देता रहता है। शनिवार की दोपहर उसने कहा कि बेटी से भेंट करा दो, तो उसने नहीं कराया। उस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। उसके बाद उसने विषपान कर लिया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते पटना रेफर कर दिया गया।



#### पति बोला... मारपीट का आरोप लगा ससुराल में की गई फजीहत

सेविका के पति लालबाबू चौधरी द्वारा पैसे हड़पने के लिए सास पर ही जहर देने का आरोप लगाया जा रहा था। उसके द्वारा किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध से भी इनकार किया गया है। उसने कहा कि उसकी पत्नी दो दिन पूर्व अपने मायके पुराना भोजपुर गई थी। शुक्रवार को वह उसे लाने ससुराल गया था। वहां उसकी पत्नी के मौसा, सास-ससुर और स्थानीय सरपंच द्वारा उसे एक कमरे में बैठाया गया। उस पर पत्नी के साथ गालीगलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ खूब फजीहत की गयी। उसके बाद वह वापस अपने घर आ गया। शनिवार को उसके मां-बाप उसे वापस घर लेकर आए। उस दौरान भी उनके बीच कहासुनी हुई। उसी बीच उसकी मां द्वारा उसे जहर दे दिया गया। उससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई।



### आरा में चला छापेमारी अभियान, बालू लदे ट्रैक्टर व ट्रक जब्त

**आरा।** विभागीय आदेश के आलोक में शुक्रवार को भोजपुर जिले में प्रशासन की ओर से अवैध बालू खनन एवं ढुलाई के खिलाफ दिनभर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जन भर ट्रकों एवं ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। इन्हें अलग-अलग थानों में रखा गया है। इसमें स्थानीय पुलिस के साथ अतिरिक्त विशेष पुलिस बल की टीम शामिल थी। जिला प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई से बालू माफियाओं में पूरे दिन खलबली मची रही। सहार, अजीमाबाद, पवना, नारायणपुर समेत कई थाना क्षेत्रों में पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह, सदर एसडीओ ज्योतिनाथ शाहदेव, खनन अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान की ओर से कार्रवाई की गई। इस दौरान दो ट्रक और चार ट्रैक्टर के अतिरिक्त अन्य थाना क्षेत्रों में ट्रक और ट्रैक्टर जब्त किये गये। इससे पहले भी कई बार प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं, फिर भी बालू माफिया कानून तोड़ने से बाज नहीं आ रहे।

## एक नजर

### सासाराम में नहर में गिरे मिले 100 और 10 के नोटों के बंडल, लूटने के लिए मची होड़



**सासाराम।** जिले के मुफस्सिल थाना के मुरादाबाद के पास एक नहर से भारी मात्रा में नोट मिलने की सूचना मिली। जैसे ही लोगों को पता चला कि नहर में भारी संख्या में नकदी फेंका हुआ है, जिसके बाद नहर से पैसा निकालने के लिए लोगों में होड़ मच गई। आस पास के लोग पानी में उतरकर नोटों का बंडल लेकर भागने लगे। ज्यादातर 10 और 100 के नोट बताए जा रहे हैं। वहीं, नोट लूटते हुए लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। ये रुपए असली हैं या नकली, फिलहाल पुलिस इसकी पुष्टि नहीं की है। नोटों का बंडल उठाते हुए लोगों का वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह-सुबह लोगों ने नोट के बंडल पानी में तैरते हुए देखा तो आस पास की भीड़ पानी में उतरकर नोट के बंडल लूटने लगे। देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस मामले को लेकर पूरे क्षेत्र में लोग तरह-तरह की चचाएं भी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की भीड़ को भगा दिया। इस मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि यह अफवाह भी हो सकता है, लेकिन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं, इसको लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं कि आखिर यह कैश कहां से आया? यह नोट असली है या फिर नकली पुराने नोट है? ब्लैक मनी को लेकर भी लोग चर्चा कर रहे हैं। बहरहाल जो भी हो लेकिन जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### एसएस कॉलेज जहानाबाद में इम्यूनिटी टॉक्स टू पब्लिक हेल्थ विषय पर कार्यशाला आयोजित

**जहानाबाद।** एसएस कॉलेज जहानाबाद में स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी.तथा इंडियन इम्यूनोलॉजी सोसायटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में इम्यूनिटी टॉक्स टू पब्लिक हेल्थ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। शैक्षणिक व सामाजिक स्वास्थ्य महत्व के इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि व जहानाबाद के जिला पदाधिकारी रिची पांडेय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुधीर कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। सत्र को संबोधित करते हुए रिची पांडेय ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यशाला का विशेष महत्व है। उन्होंने अपने संबोधन में प्राकृतिक जीवनशैली, स्वास्थ्य अनुकूल खान-पान, शारीरिक व्यायाम , व्यक्तिगत स्वच्छता व सार्वजनिक स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सामूदायिक स्वास्थ्य पर विभिन्न प्रकार के प्रदुषण के पड़ने वाले दुष्प्रभाव से आगाह किया। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए संतृप्त वसा , नमक व चीनी के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह दी , वहीं मोटे अनाज के सेवन करने पर जोर दिया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में व्याख्यान देने वालों में गांधी स्मारक विद्यालय के शिक्षक डॉ० संजय कुमार ने इम्यूनोलॉजी के बारे में मौलिक जानकारी दी। इस अवसर पर एम्स पटना के शरीर क्रिया विज्ञान के प्रोफेसर डॉ० योगेश कुमार ने संक्रमण के विषय में बताया। नाइपर, हाजीपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ० नीतेश कुमार ने कैंसर और फॉर्मेलिजकल एप्रोच पर अपनी बात रखी।इस अवसर पर डॉ० प्रदीप कुमार ने भी इम्यूनोलॉजी से जुड़े अनेक पहलुओं पर अपना व्याख्यान दिया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ० श्रीनाथ शर्मा ने किया। कार्यशाला का संचालन जन्तु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो० प्रवीण दीपक ने किया।



### शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर बोले... बीजेपी और आरएसएस नफरत फैलाने वाली पार्टी

**जहानाबाद।** जहानाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बीजेपी और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस नफरत फैलाने वाली पार्टी है। नफरत फैलाने वालों को बिहार कभी भी इस तरह की इजाजत नहीं देगा। चंद्रशेखर ने कहा कि वैसे तो लोकतंत्र में कही भी किसी को आने-जाने में कोई रोक नहीं है। लेकिन कोई नफरत फैलाने के उद्धेश्य से यदि कोई बिहार में आता है तो इसकी इजाजत नहीं होगी। चंद्रशेखर ने कहा कि बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री माइंड रीडर है जैसे कि सुहानी शाह भी चमत्कार करती है। मन की बातें पढ़ती है। सुहानी शाह माइंड रीडर है तो उसके चमत्कार को मीडिया क्यों नहीं चलाते हैं। जो सुहानी शाह करती है बागेश्वर बाबा भी वही करते हैं। जिसे चमत्कार कहा जाता है। ये लोग धर्म के नाम पर दुकानदारी चलाते हैं। दुकानदारी चलाने वाले लोग देश की सेहत के लिए अच्छे नहीं होते हैं।

# 20 हजार रु. की रंगदारी नहीं देने पर रिटायर बीईओ को मारी गयी थी गोली, एक गिरफ्तार

- जख्मी बीईओ के फर्दबयान पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज की गयी प्राथमिकी
- जेल से छूटने पर मिलने नहीं आने पर मांगी जा रही थी 20 हजार की रंगदारी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में रहने वाले रिटायर बीईओ अरुण प्रकाश को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। जख्मी बीईओ के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में दो लोगों को नामजद किया गया है। उनमें आनंद नगर गली नंबर छह निवासी चंदन चौधरी और नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी रोहित सिंह शामिल हैं। प्राथमिकी के अनुसार दोनों हाल में जेल से छुटे हैं। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा चंदन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिकी में बीस हजार की रंगदारी नहीं देने और जेल से छुटने पर मिलने नहीं आने के कारण मारपीट करने व गोली मारने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है बीईओ के बेटे को घर से बुलाकर ले जाने के बाद मारपीट की गयी। उसके बाद बीईओ को दरवाजे पर गोली मार दी गयी। पुलिस दूसरे आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। वहीं पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन भी कर रही है। इधर, घटना के बाद रिटायर बीईओ का परिवार दहशत में हैं।

रिटायर बीईओ अरुण प्रकाश की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम चंदन चौधरी और रोहित सिंह उनके दरवाजे पर पहुंचे। तब दोनों द्वारा उनके बेटे को चंद्रभान भैया कह कर घर से बुलाकर ले गये और मारपीट करने लगे। दोनों उनके बेटे से कह रहे थे कि दोनों जब जेल से छुटकर आने के बाद वह मिलने क्यों नहीं गया। उसके एवज में दोनों उससे बीस हजार रुपए मांगने लगे। तब उनका पुत्र किसी तरह भाग कर घर और पूरी घटना की जानकारी दी। तबतक दोनों आरोपित भी पहुंच गये और फायरिंग करने लगे।

# छपरा में पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच खूनी झड़प में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**केटी न्यूज/छपरा**

छपरा में शुक्रवार की देर शाम पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उनको पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के खनुआ कोरार मोहल्ले की है।

घायल युवकों की पहचान मो. साहिल (18 वर्ष), मो. ढिल्लू (22 वर्ष) पिता छेलु कुरैशी, सैफी आलम (18 वर्ष) पिता मो. शमीम और मो. मुश्किन (24 वर्ष) पिता छेलु कुरैशी के रूप में हुई है। चारों घायल युवक खनुआ कोरार टोला के निवासी बताए जा रहे। घायलों में दो लड़कों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना के स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया है, लेकिन दोनों गुट में पुरानी रंजिश बताई जा रही है।



घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों गुट में पूर्व में भी विवाद हो चुका है, लेकिन स्थानीय स्तर पर परिजनों द्वारा मामले को खत्म करा लिया गया। जहां घटना हुई वो इलाका अवांछित तत्व और अवैध कारोबार के लिए हमेशा से चर्चा में रहा है। शराब, जुआ और आईपीएल में सट्टा का बाजार जोरों पर चलता है। इस घटना को भी पूर्व रंजिश के साथ आईपीएल सट्टा से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि मामले के खुलासा और अभियुक्तों के गिरफ़्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

घटना के बाद पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी के रूप में तब्दील हो गया। सारण एसपी गौरव मंगला सहित तमाम बड़े अधिकारी देर रात तक कैंप करने पहुंचे। घायल लड़कों के परिजनों के दिए आवेदन के अनुसार घटना में सम्मिलित लड़कों की गिरफ़्तारी के लिए एसआईटी का गठन कर छापेमारी की जा रही है।

### टीबी रोग के बारे में दी जा रही नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का किया जाए प्रचार-प्रसार

# टीबी को जड़ से मिटाने के लिए संकल्प के साथ करना होगा काम : सीडीओ

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी यानी ट्यूबरक्लोसिस को खत्म करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी हारेगा-देश जीतेगा का नारा दिया जा रहा है। इसी संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंभीरता व योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक संकल्प के साथ धरातल स्तर पर काम करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ-साथ स्लम एरिया, ईंट भट्ठे, मजदूर बस्तियों व जिला जेल पर फोकस किया जाएगा ताकि कोई भी टीबी रोग पीड़ित उपचार से वंचित न रहे। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी एकजुट होकर साथ आएंगे और सभी का सहयोग मिलेगा, तभी हमारा यह नारा टीबी हारेगा देश जीतेगा सफल होगा।





### व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा अभियान

डॉ. शालिग्राम पांडेय ने कहा, हम सबको मिलकर टीबी के खिलाफ हमें एक जन आंदोलन के रूप में कार्य करना होगा। तभी जाकर 2025 तक प्रधानमंत्री टीबी रोग मुक्त भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। जिले से टीबी उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। ताकि प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाया जा सके। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति अपने आसपास टीबी ग्रस्त मरीज की सूचना सरकारी अस्पताल में देगा तो उसे पांच सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि प्रत्येक मरीज को जल्द से जल्द चिह्नित करके उसे समुचित उपचार प्रदान किया जा सके। उन्होंने आह्वान किया कि टीबी मुक्त भारत के मिशन की सफलता के लिए समाज का हर वर्ग आगे आकर अपना सहयोग व योगदान दें। साथ ही, ग्रामीण स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से नागरिकों को टीबी उन्मूलन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिससे लोगों को अधिक से अधिक जानकारी मिल सके।

**मरीज के खाते में भेजी जाती है राशि:**

डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों के लिए पोषण आहार योजना के माध्यम से उपचार के दौरान पीड़ितों की 500 रुपए प्रतिमाह आर्थिक मदद दी जाती है। विभाग यह राशि मरीज के खाते में जमा करता है। मरीज को विभाग तक ले जाने में गांव में आशा कार्यकताओं, एएनएम व सीएचओ की भूमिका अहम है। साथ ही, निजी अस्पताल के माध्यम से भी मरीजों की पुष्टि होती है। टीबी मरीज को लेकर स्वास्थ्य विभाग के पास लेकर आता है और टेस्ट करने पर मरीज टीबी की पुष्टि होने के बाद निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपए भी दिए जाते है। उन्होंने बताया कि जिला में विभिन्न जांच केंद्रों पर टीबी रोगियों की निःशुल्क जांच व उपचार किया जाता है। टीबी मरीज का 6 माह का कोर्स होता है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी जांच केंद्रों पर रोगियों की जांच निःशुल्क की जाती है।

# निमेज गांव में हर्ष फायरिंग में युवा भोजपुरी गायक जख्मी, स्थिति खतरे से बाहर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- शुक्रवार की रात ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में तिलक समारोह के दौरान हुआ हादसा
- समारोह में फायरिंग करने वाले की पहचान में जुटी पुलिस





शुक्रवार की देर रात ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में एक तिलक समारोह के दौरान हुए हर्ष फायरिंग में एक युवक जख्मी हो गया है। जख्मी युवक को तत्काल इलाज के आरा के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया है। जहा प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। इधर युवक को गोली लगने के बाद तिलक समारोह में अफरा तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच हर्ष फायरिंग करने वाले के पहचान में जुट गई है। जख्मी युवक 19 वर्षीय विवेक तिवारी पिता राजेश तिवारी भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार निमेज गांव के नागेन्द्रनाथ ओझा के यहां बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव से तिलक आया हुआ था। नागेन्द्र के घर एक साथ दो लड़कों का तिलक की रश्म पूरी की जा रहा थी। विवेक तिवारी अपने मौसी व मौसेरी बहन के तिलक में शरीक होने आया था। दोनों की शादी एक ही घर में हो रही थी। तिलक की रश्म अभी चल ही रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति हर्ष फायरिंग करने लगा। जिसमें एक गोली विवेक के कंधे के पास लग गई। गोली लगते ही खून से लहुलूहान विवेक वहीं पर गिर पड़ा। आनन फानन में उसे आरा ले जाया गया। इधर तिलक की खुशी मातम में बदल गई। पलक झपकते ही मांगलिक गीतों की जगह चिख पुकार मच गई। किसी तरह तिलक के रश्म को पूरा किया गया।

**उभरता गायक है विवेकः** हर्ष फायरिंग में घायल विवेक तिवारी भोजपुरी का उभरता हुआ गायक है। उसका कई कैसेट भी जारी हो चुका है। इस घटना के बाद भोजपुरी कलाकारों में मायूसी है। भोजपुरी गायक अशोक मिश्र, विनय मिश्र समेत अन्य कलाकारों ने उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**पुलिस की सिथिलता से नहीं रूक रही है हर्ष फायरिंगः** राज्य सरकार द्वारा शादी विवाह में हथियारों के प्रदर्शन तथा हर्ष फायरिंग पर रोक लगाई गई है। बावूजद स्थानीय पुलिस की सिथिलता से शादी विवाह में हर्ष फायरिंग पर लगाम नहीं लग पा रहा है। जिले में हर्ष फायरिंग के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन लोग न तो इससे बाज आ रहे है और न ही पुलिस इसे रोकने तथा हर्ष फायरिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। बता दें कि अभी कुछ महीना पहले ही राजपुर थाना क्षेत्र में एक भोजपुरी गायक के तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। वही निमेज की घटना इस बात की पुष्टि करती है कि अभी भी जिले में हर्ष फायरिंग की जा रही है।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ

इस संबंध में एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग को रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है।

## खबरें फटाफट

### छत से गिरकर किशोर गंभीर रूप से घायल

**सिमरी।** रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गर्जन पाठक के डेराग गांव में एक किशोर छत से गिर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया है। जख्मी किशोर रवि कुमार उम्र 14 वर्ष मूल रूप से भरियार ओपी थाना क्षेत्र के बेयासी गांव का रहने वाला है। वह अपने बुआ के घर मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। मुंडन संपन्न होने के बाद छत पर लगे माइक को खोलने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर जख्मी हो गया। डाक्टरों की मानें तो उसके सर के अलावे शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। फिलहाल उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### केसठ में 200 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट

**केसठ।** बक्सर एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर नावानगर पुलिस ने शनिवार को केसठ अनुसूचित जाति बस्ती में शराब की टोह में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बस्ती के बाहर झाड़ीनुमा जगह से एक मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन करते हुए वहा बरामद करीब 200 लीटर अर्द्ध निर्मित महुआ शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया। पुलिस ने मौके से बरामद गैलेन तथा अन्य उपकरणों को भी तोड़ दिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही तस्कर भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस ने पूरे बस्ती में सघन छापेमारी अभियान भी चलाया। वही पुलिस ने बस्ती वालों से शराब का कारोबार छोड़ने की अपील की और कहा कि कारोबार छोड़ने वालों को पुलिस व प्रशासन मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई तरह के रोजगार का अवसर प्रदान करेगी। पुलिस ने ग्रामीणों ने शराब से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए शराब कारोबारियों के संबंध में गुप्त सूचना देने की अपील भी की। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि छापेमारी में करीब 200 लीटर अर्धनिर्मित महुआ शराब को नष्ट किया गया है।

## 35 वार्डों वाले शहर में बनेंगे 85 मतदान केंद्र, शांतिपूर्ण चुनाव की तैयारी में जुटा प्रशासन

# नप चुनावः डुमरांव में पहली बार 70769 मतदाता चुनेंगे चेयरमैन और उप चेयरमैन

- सबसे अधिक वोटर वार्ड संख्या 22 में 3405, वार्ड संख्या 31 में 3150, वार्ड संख्या 25 में 3053 हैं
- नगर पर्षद में पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, हथेलीपुर मठिया, बनकट, महरौरा सहित 12 गांवों को शामिल किया गया है



**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा डुमरांव नगर परिषद चुनाव की घोषणा के बाद शहर में सरगर्मी बढ़ गयी है। एक तरफ संभावित प्रत्याशी जहा वोटरों को गोलबंद करने के लिए भीषण गर्मी व लू की परवाह छोड़ एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है, तो दूसरी तरफ अनुमंडल प्रशासन भी चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने की कवायद में जुट गया है। इस बार डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र को कुल 35 वार्डों में बांटा गया है। जिसमें कुल 70 हजार 769 मतदाता शामिल है, जो पहली बार चेयरमैन और उप चेयरमैन का चुनाव करेंगे। चुनाव को संपन्न कराने के लिए 85 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे।

विस्तारित डुमरांव नगर परिषद के सभी 35 वार्डों के मतदाता सूची का प्रकाशन अनुमंडल प्रशासन द्वारा पहले ही कर दिया गया है। वही चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ गई है। मतदाता सूची के प्रकाशित प्रारूप के अनुसार कुल 35 वार्डों को अपने दामन में समेटे तथा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 90452 जनसंख्या वाले डुमरांव नगर पर्षद में वोटरों की संख्या करीब 70769 हो गयी है। बताया जाता है कि शहर के 35 वार्डों के वोटर सूची प्रारूप के अवलोकन के बाद सबसे अधिक वोटर वार्ड संख्या 22 में 3405, वार्ड संख्या 31 में 3150, वार्ड संख्या 25 में 3053, वार्ड संख्या 4 में 2952, वार्ड संख्या 9 में 2855 एवं वार्ड संख्या 26 में कुल वोटरों की संख्या 2636 है जबकि सबसे कम वोटरों की जनसंख्या वाले वार्डों में वार्ड संख्या 12 में 745, वार्ड संख्या 1 में 916, वार्ड संख्या 20 में 919 एवं वार्ड संख्या 7 में 1019 वोटर शामिल है।

नये प्रारूप के गठन के बाद वार्डों की जनसंख्या एवं भौगोलिक स्वरूप में बदलाव आया है। शहरी वार्ड अब वार्ड संख्या 18 से शुरू होगा। विस्तार के बाद नगर पर्षद में पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, हथेलीपुर मठिया, बनकट, महरौरा सहित 12 गांवों को शामिल किया गया है। नगर पर्षद का दायरा बढ़ने के बाद पहली बार 12 गांवों के वोटर शहर की सरकार को चुनने में अपनी हिस्सेदारी निभायेंगे। सूबे की सरकार ने चेयरमैन और उप चेयरमैन का चुनाव जनता के हाथों में सौंपा है। इस बार नगर पर्षद क्षेत्र के वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनावी घोषणा के बाद भावी उम्मीदवारों की चहलकदमी बढ़ गयी है। इस बार पार्षदों से अधिक चेयरमैन व उप चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवार बताये जाते है।

### मुख्य पार्षद अधिकतम 7 लाख व पार्षद 40 हजार तक कर सकते हैं खर्च

अनुमंडल प्रशासन ने प्रत्याशियों के नामांकन फार्म भरने में लगने वाले जरूरी कागजातों तथा उनके अधिकतम खर्च की सीमा निर्धारित कर दी है। जानकारी के अनुसार नामांकन फार्म में मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद को 2 हजार रूपए जबकि पार्षद पद के उम्मीद्वार को एक हजार रूपए का शुल्क जमा करना है। महिला प्रत्याशियों को इससे आधी रकम देनी होगी। वही अभ्यर्थी नामांकन पत्र के साथ घोषणा पत्र, अपनी परिसंपति तथा दंडित होने का शपथ पत्र, प्रस्तावक व समर्थक का शपथ पत्र, 31 मार्च 2023 तक होल्डिंग टैक्स समेत नगर परिषद के सभी बकाया करों का भुगतान समेत कई अन्य जरूरी कागजात लगने वाले है। वही मुख्य पार्षद प्रत्याशी चुनाव में अधिकतम 7 लाख रूपए जबकि पार्षद पद के प्रत्याशी अधिकतम 40 हजार रूपए खर्च कर सकते है। अनुमंडल प्रशासन द्वारा विभिन्न पदों के प्रत्याशियों के लिए वाहन क्षमता व प्रकार भी निर्धारित किया गया है।

### क्या कहते हैं एसडीओ

एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि नगर परिषद चुनाव को लेकर जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। प्रत्याशियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करना हमारी प्राथमिकता है।

## लचर सफाई व्यवस्था से नाराज ईओ ने एनजीओ के कर्मियों को फटकारा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर विकास व आवास विभाग ने निर्देश जारी करते हुए सूबे के तमाम निकायों को शहरी क्षेत्र को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया है। शनिवार को डुमरांव नगर परिषद में स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव को लेकर बैठक बुलाई गयी, जिसकी अध्यक्षता नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने की।

इस दौरान शहर की स्वच्छता पर लापरवाही बरतने वाले एनजीओ कर्मियों को फटकार लगाते हुए इओ ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अगर सफाई में कोताही बरती गयी तो एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी। बताया जाता है कि शहर के पुराने और विस्तारित क्षेत्रों में कूड़े-कचरे उठाव की जिम्मेदारी एनजीओ को दी गयी है लेकिन नप क्षेत्र के कई मोहल्लों व गलियों से कचरे का उठाव नहीं होने की शिकायतों पर नप की किरकिरी हो रही है। इससे लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है। कई कॉलोनी और मोहल्ले में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाली गाड़ियां कम दिखती है तो साफ-सफाई वाले कर्मचारी भी नही पहुंचते। शहर के मुख्य सड़कों का कूड़ा उठाव तो होता है लेकिन दूसरे शिफ्ट में बगैर झाड़ू लगाये ही कूड़ा का उठाव किया जाता है। वहीं इओ के साथ नप के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय आदि ने शहर के विभिन्न जगहों पर लगाये निशुल्क पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया।

## भैसहा पुल के पास अनियंत्रित होकर पलटी टेम्पो, आधा दर्जन यात्री जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार को एनएच 922 पर यात्रियों से भरी एक टेम्पो पलट गई। इस दुर्घटना में एक महिला समेत कुल आधा दर्जन यात्री जख्मी हो गए है। जख्मियों को डायल 112 व स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद जख्मी महिला समेत तीन को रेफर को दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम यात्रियों से भरी एक टेम्पो बक्सर से भोजपुर के तरफ आ रही थी। भैसहा पुल पार करने के बाद टेम्पो अनियंत्रित हो सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में डुमरांव ठठेरी बाजार की सुधा ठाकुर, दक्षिण टोला के सुरेश राम का पुत्र सूरज राम, राज कुमार का पुत्र सोनू कुमार समेत तीन अन्य यात्री जख्मी हो गए है। अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के सुधा ठाकुर समेत कुल तीन लोगों को रेफर किया गया है। वही अन्य यात्रियों को सामान्य चोटें आई है। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही नया भोजपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### नाव से हो रही थी शराब की तस्करी, पुलिस ने गुप्त सूचना पर तस्करों को दबोचा, शराब जब्त



**बक्सर।** शनिवार को अहले सुबह औद्योगिक थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के मझरियां गंगा घाट से एक शराब तस्कर को 11 पेटी शराब, चाकू व कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे सहयोग करने के आरोप में नाविक को भी गिरफ्तार किया है तथा उसकी नाव जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शराब तस्कर गंगा के रास्ते शराब की बड़ी खेप लेकर आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने जाल रात में ही मझरिया घाट पर जाल बिछा दिया था। सुबह करीब पांच बजे यूपी की तरफ से एक नाव आती दिखाई दी। जैसे ही नाव घाट पर आकर रूकी कि उसमें सवार एक व्यक्ति तथा नाविक शराब की पेटियों को नाव से उतारने लगा। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मझरिया के राधेश्याम यादव के पुत्र चंदन कुमार तथा नाविक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय खैरा पट्टी गांव के श्याम बिहारी मल्लाह के रूप में हुई है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### मायके से गायब हुई विवाहिता, परिजनों ने अपहरण की जताई आशंका

**सिमरी।** रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव से एक विवाहिता रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। वह शादी शुदा है तथा उसका एक बच्चा भी है। अर्जुनपुर उसका मायका है तथा वह यहा रहकर बिहार पुलिस की तैयारी कर रही थी। घटना 23 अप्रैल की है। जानकारी के अनुसार वह बिहार पुलिस की तैयारी के लिए हर दिन सुबह में अर्जुनपुर फिल्ड में दौड़ने के लिए जाती थी। 23 अप्रैल को भी वह गई, लेकिन लौट कर घर वापस नहीं आई। पहले तो परिजनों ने अपने स्तर से उसकी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कुछ सुराग नहीं चला तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। गायब महिला की पहचान अर्जुनपुर के बलि राय की पुत्री नैना के रूप में हुई है। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के रमेश चौधरी के साथ हुई थी। वह फरवरी महीने में अपने मायके आई थी। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया है। परिजनों का कहना है कि उसका मोबाईल भी स्वीच ऑफ मिल रहा है। इस घटना से मायके तथा ससुराल पक्ष दोनों जगहों के लोग चिंतित है। मामले को दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### बीडीओ ने दिव्यांगों को मनरेगा सहित अन्य योजनाओं से जोड़ने का दिया आश्वासन



**डुमरांव।** शनिवार को डुमरांव प्रखण्ड के आई टी सभागार मे दिव्यांग पीडब्लूडी संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया। इस बैठक मे बीडीओ ने कहा कि दिव्यांगों को जो भी सरकारी योजना है, उसका लाभ पारदर्शी तरीके से दिया जाएगा। मनरेगा हो या जीविका इन योजनाओं के साथ दिव्यांगों को जोड़ा जाएगा। आवास योजना, पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि से भी लाभान्वित किया जा रहा है। बुनियाद केंद्र पर दिव्यांगों को नकपक कार्ड, वैशाखी, ई रिक्शा, कान से सुनने वाली मशीन आदि भी जांचों परांत दिया जाएगा। डुमरांव थाना प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति यदिआवेदन लेकर आता है तो विशेष ध्यान दिया जाता है। बैठक मे जिला अध्यक्ष अगस्त उपाध्याय, विशोका नन्द चन्द, चिन्ता देवी, लक्ष्मीना देवी, रजनी चौरसिया, सुशील राम, टुनटुन यादव, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, जीविका, कल्याण अधिकारी, लेबर अधिकारी, बुनियाद केंद्र के कर्मचारी, विकास मित्र, टोला सेवक, सहित प्रखण्ड कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया कतिकनार पंचायत का निरीक्षण

**केसठ।** बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने शनिवार को कतिकनार पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां पाई गई, जिस पर संबंधित लोगों को फटकार लगाते हुए उसे दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि इस पंचायत के वार्ड 10 किरनी, एवं 11 दंगौली गांव में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वार्ड 10 में शौचालय के प्रोत्साहन राशि की लाभुक तारामुनी द्वारा पहले से अपने सास के नाम पर शौचालय का पैसा निकासी कर ली है। वही उसी शैचालय का पुनः फोटो के साथ आवेदन डाल प्रोत्साहन राशि की मांग की गई थी। इसी वार्ड में हुसैना खातून द्वारा पूर्व में अपने ही नाम पर पैसे की निकासी कर पुनः प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया गया है। वार्ड नंबर 11 में प्रमिला देवी पति हीरालाल शर्मा द्वारा बिना शौचालय के निर्माण कराए ही फर्जी फोटो आवेदन के साथ लगा वार्ड सदस्य व स्वच्छता पर्यवेक्षक के मिली भगत से पैसा का भुगतान हो गया है। जानकारों की माने तो सही से जांच की जाए तो एक शौचालय पर घर के अन्य सदस्यों का नाम बदल कर संबंधित अधिकारियों के मिली भगत से पैसा निकासी का कई मामला सामने आ जाएगा। इस दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना, नली गली योजना आदि का भी जांच किया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## भूमि विवाद निपटारे को लेकर डुमरांव थाना में लगाया गया जनता दरबार, एसडीओ कुमार पंकज ने की अपील

# जमीन विवाद के मामले जनता दरबार में लाएं, आपसी सहमति से सुलझाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया, जिसमें एसडीएम कुमार पंकज, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी और सीओ अंकिता सिंह ने भूमि विवाद संबंधित मामलों की सुनवाई की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बीच आपसी तालमेल और सहमति के बाद मामले का निष्पादन किया। अन्य मामलों में वादी और प्रतिवादी को अगले शिविर में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि कुछ मामले जनता दरबार में ऐसे भी आते हैं जिस पर न्यायालय में मुकदमा लंबित है। इस परिस्थिति में कानूनी प्रक्रिया के तहत उस पर समझौता दोनों पक्षों से कराने का प्रयास किया जाता है। भूमि विवाद संबंधित जनता दरबार लगाये जाने से निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी आयी है और पीड़ित गरीबों को ऐसे शिविरों से राहत मिली है। इस संबंध में एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि हाल के दिनों में जमीन विवाद के मामले काफी बढ़ गए है। जमीन विवाद में अक्सर मारपीट हो रही है। कई बार तो हत्या जैसे जघन्य वारदात भी हो रहे है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए ही राज्य सरकार ने प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार का आयोजन कर जमीन विवाद को आपसी सुलह समझौते से सलटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लोगों से जमीन विवाद संबंधित मामलों को बेहिचक जनता दरबार में लाने तथा आपसी सहमति से सुलझाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे न्यायालयों पर काम का बोझ कम होगा तथा हिंसक घटनाओं में कमी आएगी। मौके पर थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, अपर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### सोनवर्षा ओपी के जनता दरबार में आए दो मामले

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी में शनिवार को जनता दरबार में दो मामला पहुंचा था। जिसकी सुनवाई की गई। साथ ही दोनों मामला का निष्पादन अगली जनता दरबार में सीओ की उपस्थिति में करने का अंचल राजस्वकर्मी अमितेश रंजन राय ने दोनों पक्ष से कहा। अंचल राजस्वकर्मी ने बताया कि पीपराढ़ मौजा में महज 6 डीसमील जमीन को लेकर रजनीश रंजन एवं संजय सिंह के बीच काफी दिनों से विवाद है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष की कागजात की जांच कर सुनवाई की गई। जिसका निष्पादन सीओ के उपस्थित में की जाएगी। वहीं दूसरी मामला मणियां के वकील महतो एवं वकील यादव के बीच लगभग एक कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। जनता दरबार की अध्यक्षता सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने किया।

CMYK

# बारा-फिरोजपुर के बीच गंगा नदी पर बना पीपा पुल जल्द होगा शुरू

- पीपा पुल के शुरू हो जाने से बारा से फिरोजपुर की दूरी 50 किलोमीटर कम हो जाएगी
- अभी तक लोगों का बारा से फिरोजपुर नाव के माध्यम से हो रहा आवागमन

केटी न्यूज/गाजीपुर

बारा-फिरोजपुर के बीच गंगा नदी पर सेवराई व मुहम्मदाबाद को जोड़ने वाला पीपा पुल लगभग बनकर तैयार है। जिसे लोगों को आवागमन के लिए जल्द खोल दिया जाएगा। पुल में लगभग दर्जनों पीपा लगाया गया है। यह पीपा पुल के शुरू हो जाने से बारा से फिरोजपुर की दूरी 50 किलोमीटर कम हो जाएगी। अभी तक लोगों का बारा से फिरोजपुर नाव के माध्यम से आवागमन होता था।



दरअसल सेवराई तहसील के बारा से फिरोजपुर को जोड़ने वाला गंगा में पीपा पुल का निर्माण कार्य महीनों से जोरो से किया जा रहा था। पिछले वर्ष गहमर-बारा के किसानों की मांग पर पूर्व भाजपा विधायक सुनीता सिंह के प्रयास से विधानसभा चुनाव के ऐन मौके पर अस्थाई रुप से लोक निर्माण विभाग द्वारा आनन-फानन में पुल का निर्माण कराया था।

**करीब दस हजार लोग रोज करेंगे आवागमनः** प्रमुख समाजसेवी सुधीर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली कुशवाहा, भैरों सेना के प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना पाण्डेय, शाहिद खां पहलवान, शमसाद खां, सब्बू खां, भाजपा नेत्री अंशु सिंह, पिन्टू सिंह, पूर्व सैनिक महेंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, चंदन उपाध्याय आदि ने बताया कि बारा से फिरोजपुर तक का पीपा पुल निर्माण हो जाने से गहमर- बारा के किसानों समेत तहसील क्षेत्र के आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगा। पुल निर्माण के बाद प्रति दिन लगभग 9 से 10 हजार के आसपास लोग इसका लाभ उठाएंगे। बताया कि अभी तक लोग नांव से इस पार उस पार आते-जाते थे। पुल बन जाने से यहां पर विकास की काफी संभावनाएं हैं। अब तक पुल न होने के कारण लोग बक्सर-भरौली गंगा ब्रिज से होकर आते-जाते थे, जो 50 किलो मीटर से ज्यादा लंबा रास्ता है। अब बारा से फिरोजपुर के बीच की दूरी पुल निर्माण से कम हो जाएगी। पीपा पुल लगभग एक किलोमीटर लंबा है तथा पुल बन जाने से मात्र पांच मिनट में उस पार जाया जा सकता है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता पतंजलि श्रीवास्तव के अनुसार पुल बनकर तैयार है। इसे जल्द चालू कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### पूर्व सांसद अफजाल अंसारी से असलहों को लेकर जेल में होगी पूछताछ



**गाजीपुर।** शासन एवं जिला प्रशासन की पैनी नजर माफिया मुख्तार अंसारी के परिवार एवं रिश्तेदारों पर टिकी हुई है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद अफजाल अंसारी के असलहों के संदर्भ में जेल में जाकर पूछताछ की जाएगी। पूर्व सांसद के शस्त्र लाइसेंस निरस्त होने के बाद अब असलहों को पुलिस अभिरक्षा में लेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी गैंग 191 के सदस्यों के असलहों के लाइसेंस को निरस्त कर उनको जब्त किया जा रहा है। इस क्रम में पूर्व सांसद अफजाल अंसारी पर कार्रवाई चल ही रही थी कि उन्हे गैंगेस्टर में चार वर्ष की सजा हो गई। तब जिलाधिकारी गाजीपुर ने उनके तीन असलहों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया। उन असलहों को सर्च करने के लिए कल मुहम्मदाबाद पुलिस उनके आवास पर गई थी। असलहे नहीं मिले। अब संबंधित थाना प्रभारी जेल में जाकर पूर्व सांसद अफजाल अंसारी से असलहों के संदर्भ में पूछताछ कर उन्हें पुलिस अभिरक्षा में लेगी।

### एमपी-एमएलए कोर्ट 17 व 20 मई को मुख्तार अंसारी के खिलाफ सुनाएगा फैसला



**गाजीपुर।** बाहुबली मुख्तार अंसारी पर शनिवार को अदालत का फैसला आना था। लेकिन कोर्ट ने फैसले की तारीख बढ़ा दी है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज 307 के केस और करंडा थाना में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में अगली तारीख नियत कर दी है। दोनों मामलों में कोर्ट ने नई तारीख दे दी है। मुहम्मदाबाद में दर्ज 307 के केस में 17 मई को फैसला सुनाया जाएगा। वहीं करंडा थाना में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में 20 मई को फैसला आएगा। बता दें कि गाजीपुर के अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दुर्गेश की अदालत मामले की सुनवाई होनी थी। मालूम हो कि करंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सबुआ निवासी कपिल देव सिंह हत्याकांड और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध साल 2009 में गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

### गाजीपुर जिले के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट टॉपर छात्रों को आज डीएम करेंगी सम्मानित

**गाजीपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने बताया कि आठ मई को डीएम हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र-छात्राओं को राइफल क्लब में सम्मानित करेंगी। उन्होने बताया कि गाजीपुर में हाईस्कूल के पांच और इंटरमीडिएट के तीन परीक्षार्थियों में प्रदेश में टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। जिले में हाईस्कूल का 91.45 तथा इंटरमीडिएट का 71.04 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। इसके तहत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी आठ मई को हाईस्कूल के 14 व इंटरमीडिएट के 14 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगी।

### दर्शकों को पसंद नहीं आया भोजपुरी गायिका अनुपमा का गाना, हूटिंग के साथ लौट गई भीड़



**बलिया।** भोजपुरिया शेरनी के नाम से प्रसिद्ध अनुपमा यादव के स्टेज शो में दर्शक आनंद लेने के बजाय उनका गाना शुरू होते ही निकल लिए। दर्शकों की मानें तो अनुपमा के गाने उनको पसंद नहीं आए। भोजपुरी माटी में अनुपमा का हिंदी तड़का उन्हें रास नहीं आया। इस दौरान दर्शकों ने अनुपमा के गानों पर तंज भी कसते नजर आए। वहीं भृगु बाबा की जयकारा नहीं लगाने से लोग अनुपमा से खासे नाराज दिखे। शुक्रवार की देर शाम जगदीशपुर गांव में एक तिलकोत्सव में अनुपमा स्टेज शो करने आई थी। अनुपमा के आने से पहले लोगों की अच्छी–खासी भीड़ उमड़ी थी, दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था कि कब अनुपमा यादव आएगी और सुरीले अंदाज में गाना गाएगी। इसके बाद रात लगभग 11 बजे अनुपमा मंच पर आई, देवी गीत से कार्यक्रम शुरू करने के बाद जैसे ही दूसरा गाना शुरू किया भीड़ धीरे–धीरे खिसकने लगी। अनुपमा को समझ में ही नहीं आया कि वह जहां स्टेज शो करने आई है वहां के लोग भोजपुरी भाषा के प्रेमी है, लेकिन अनुपमा हिंदी गानों की बौछार की। नतीजन भीड़ समाप्त हो गई और अंततः 10-12 यूट्यूबर ही उनके कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाते नजर आए। वहीं पत्रकारों के सवाल पर भी उन्होंने चुप्पी साध ली थी।

### नि :शुल्क विधिक सहायता हेल्पडेस्क का प्रशासनिक न्यायाधीश ने किया शुभारंभ



**मऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय के मुख्य द्वार के पास निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पडेस्क का शुभारंभ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने फीता काटकर कर किया। हेल्पडेस्क स्थापित होने से ऐसे लोग जो अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए सक्षम नहीं है, आर्थिक रूप से कमजोर है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है, वह जानकारी प्राप्त कर अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए सरकारी खर्च पर अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बावत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान जिला जज रामेश्वर, वाहन दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार बशिष्ठ, एडीजे अशोक कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे अभिवय कुमार मिश्रा, एडीजे पंकज मिश्रा, एडीजे आनंद प्रकाश सिंह, एसीजेएम कुवंर मित्रेश सिंह कुशवाहा, सीजेएम श्वेता चौधरी, जेएम शैलेश सिंह, बार के अध्यक्ष शमसुल हसन, महामंत्री हरिद्वार राय, विनोद कुमार सिंह, नागेंद्र राय, तनवीर अहमद, हुमा रिजवी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार शाही आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दे दी जान

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर कठरवा गांव में एक विवाहिता ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दिये जाने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर कटरवा गांव निवासी माया चौहान रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई। और अंदर से दरवाजा बंद करके पंखे मे साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। इस बीच पति उदय चौहान दरवाजा खुलवाने गया। कई बार आवाज लगाने के बाद भी माया ने दरवाजा नहीं खोला। ऐसे में जब दरवाजा तोड़कर जब लोग कमरे में घुसे तो देखा कि माया फंदे से झूल रही है। यह देख सभी घबरा गए और तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को दी। शनिवार को विवाहिता के पिता मुनीलाल चौहान ने कोतवाली पहुंचकर पति उदय चौहान, सास कमली, देवर चंदन चौहान, व प्रेमचंद चौहान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा जान से मारने का मुकदमा दर्ज कराया। विवाहिता के पिता मुन्नी लाल चौहान ने कहा कि मेरी बेटी की शादी मई 2020 में उदय चौहान से हुई थी कुछ दिनों के बाद माया के ससुराल वालों ने दहेज में बुलेट गाड़ी तथा दो लाख रुपये दहेज की मांग कर उसे मारते पीटते थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मनियर बलिया।** थाना क्षेत्र के गंगापुर पुर में सड़क दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पहुंचाया गया जहां से जिला अस्पताल बलिया के लिए रेफर कर दिया गया। युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि विवेक तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिवजी तिवारी किसी प्राइवेट नर्सिंग होम में कार्य करता है ।वह प्रतिदिन की भांति बलिया जाने के लिए शुक्रवार को 7:30 बजे सायं काल गंगापुर तिवारी टोला के पास सड़क पर खड़ा था कि बलिया की तरफ से आ रही बाइक ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया ।

## कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को पोषित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है केंद्र

# कुपोषण के खिलाफ जंग में पोषण पुनर्वास केंद्र बना वरदान, बच्चों को मिल रही नई जिंदगी

केटी न्यूज/बलिया

**केस-1** ब्लाक सियर के अंतर्गत तुतीर्पार गांव निवासी दीपू कनौजिया के बच्चे आयुष का शारीरिक विकास जन्म के कुछ महीनों के बाद ठीक से नहीं हो पा रहा था। इससे दीपू कनौजिया व उनकी पत्नी निशा काफी चिंतित रहते थे। एक दिन निशा की मुलाकात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूलता से हुई तो उन्होंने आयुष के बारे में बताया। आयुष को देखने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूलता ने बच्चे के पिता दीपू कनौजिया को जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी वार्ड के बारे में जानकारी दी। जहां उसे बेहतर इलाज और पौष्टिक भोजन दोनों दिया जाता है। तब दो माह के आयुष को 27 मार्च 2023 को एनआरसी में भर्ती करवाया गया। भर्ती के समय आयुष का वजन 3.710 किलोग्राम था। 14 दिन के उपचार और पोषण युक्त बेहतर खानपान की वजह से आयुष का वजन 4.275 किलोग्राम हो गया। 10 अप्रैल को उसे छुट्टी मिल गयी और वह घर चला गया।

**केस-2** शहरी क्षेत्र के मिश्रनेऊरी निवासी प्रदीप पटेल का बेटा शुभ कुपोषण की चपेट में आ गया। ऐसे मे आगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदा देवी की नजर जब शुभ पर गई तो चंदा ने बच्चे के पिता प्रदीप पटेल एवं मां रम्भा पटेल को जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी वार्ड के बारे में जानकारी दी। बताया कि वहां बेहतर इलाज और पौष्टिक भोजन दोनों दिया जाता है। इसके बाद दो माह के शुभ को 13 मार्च 2023 को एनआरसी में भर्ती करवाया गया। भर्ती के समय शुभ का वजन 2.800 किलोग्राम था । 14 दिन के उपचार और पोषण युक्त बेहतर खानपान की वजह से उसका वजन 3.340 किलोग्राम हो गया । 27 मार्च को वह घर चली गया । 28 दिनों बाद दूसरे फॉलोअप के लिए जब शुभ को पोषण पुनर्वास केंद्र लाया गया तो उसका वजन बढ़कर 4 किलो 165 ग्राम हो गया था।



आयुष व शुभ जैसे कुपोषित बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र वरदान साबित हो रहा है। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को पोषित करने के उद्देश्य से स्थापित इस पोषण पुनर्वास केंद्र ने अब तक 846 बच्चों को पोषित किया है। इस केंद्र में आरबीएसके टीम,आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को लाया जा रहा है। साथ ही कुछ बच्चो को ओपीडी के माध्यम से भी भर्ती कराया जाता है।

### समझें क्या है पोषण पुनर्वास केंद्र

पोषण पुनर्वास केंद्र एक ऐसी सुविधा है जहां एक माह से पांच साल तक के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे जिनमें चिकित्सकीय जटिलताएं होती हैं, उनको चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जाती है। इसके अलावा बच्चों की माताओं को बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक देखभाल तथा खान-पान संबंधित कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिला चिकित्सालय में 2 अक्टूबर 2016 में एनआरसी वार्ड की स्थापना हुई थी। तब से इस वार्ड में लगभग 846 कुपोषित बच्चों को नई जिंदगी दी जा चुकी है। इसमें वह भी बच्चे शामिल है जो रेफर और डिफाल्टर है ।

### एनआरसी के बारे में और जानें

बलिया के जिला चिकित्सालय में स्थित एनआर सी वार्ड मे नोडल डॉ अविनाश उपाध्याय, मेडिकल ऑफिसर डॉ ऋषभ सिंह 4 स्टाफ नर्स मधु पांडे, श्वेता यादव, आशुतोष शर्मा, विप्लव सिंह, एक केयरटेकर बलराम प्रसाद,कुक अमृता देवी, डाइटिशियन रेनू तिवारी हैं। डाइटिशियन रेनू तिवारी ने बताया इस वार्ड में कुपोषित बच्चों को कम से कम 14 दिन या अधिकतम 28 दिन तक भर्ती करके उपचार किया जाता है। उनके खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जैसे दूध से बना हुआ अन्नाहार, खिचड़ी, प्रारम्भिक दूधाहार, दलिया, हलवा, फल इत्यादि। साथ में दवाइयां एवं सूक्ष्म पोषण तत्व जैसे आयरन, विटामिन ए, जिंक, मल्टीविटामिंस इत्यादि भी दी जाती हैं।

इस संबंध में पोषण पुनर्वास केंद्र के नोडल डॉ० अविनाश उपाध्याय ने कहा एनआरसी वार्ड में आधुनिक सुविधाएं हैं। बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, टीवी भी है। गर्मियों में एसी, पंखे और सर्दियों में रूम हीटर चलते हैं। कुपोषित बच्चों को पहचान कर आरबीएसके की टीम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एनआरसी में भर्ती करा रहे हैं ताकि एक बेहतर और कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण हो सके।

## गैंगस्टर मामले में एक और आरोपी ने किया सरेंडर

केटी न्यूज/बलिया

असलहा कारोबारी नंदलाल आत्महत्या मामले में आरोपी रणजीत सिंह हनुमान ने शनिवार को गैंगस्टर मामले में कोतवाली पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। बाद में पुलिस ने अभियुक्त को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। मामले में फिलहाल शैलेश सिंह, संजय मिश्रा व राजू मिश्रा फरार चल रहे है। इनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की प्रकिया में जुटी है। एक दिन पूर्व शुक्रवार को मामले में आरोपी अजय सिंघाल, देव नारायण सिंह पूना व आलोक सिंह ने पुलिस को चकमा देकर अदालत में आत्मसमर्पण किया था।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन मालगोदाम रोड़ निवासी असलहा व्यापारी नंद लाल ने एक फरवरी को सूदखोरों के प्रताड़न से तंग होकर दुकान में फेसबुक लाइव आकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी मोनी गुप्ता की तहरीर पर 13 नामजद व पांच अज्ञात लोगों पर सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें कानपुर की दो असलहा प्रतिष्ठानों के अलावा जिले के 11 सूदखोर शामिल रहे। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। 16 मार्च को जिला जज ने सात आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी। रिहा होने के कुछ दिन बाद 25 मार्च को पुलिस ने 12 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत पाबंद कर दिया।

## बागेश्वर धाम से बलिया लौट रही फार्च्यूनर कार टायर फटने से पलटी, एक की मौत, चार घायल

केटी न्यूज/बलिया

मिजार्पुर में पड़री थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर भरपुरा गांव के पास राजपूत ढाबा के सामने शनिवार की सुबह टायर फटने से असंतुलित होकर फॉर्च्यूनर पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार बलिया के रहने वाले लोग मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम गए थे। वहां से सभी फार्च्यूनर से अपने घर बलिया लौट रहे थे। फॉर्च्यूनर पड़री थाना क्षेत्र के भरपूरा हाईवे पर राजपूत ढाबा के ठीक सामने पहुंची तो असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पड़री ले गई। जहां डाक्टर ने रमेश कुमार (31) निवासी जलालपुर थाना कोतवाली जिला बलिया को मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के बड़े भाई चालक विनोद कुमार (38), रवि कुमार गुप्ता (30) निवासी देवरिया, आशुतोष सिंह निवासी रीवा, अमित गर्ग निवासी छतरपुर मध्य प्रदेश को हल्की चोटे आई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। थानाध्यक्ष अजित श्रीवास्तव ने बताया कि फार्च्यूनर पलटने से एक की मौत हो गई। चार लोग घायल हुए है।



## गाजीपुर और बलिया जिले में होनेवाले विकास कार्य व बदलाव से जुड़ी दो खबरें पढ़ें एक साथ

## कृषि विज्ञान केंद्र अंकुसपुर में एक करोड़ 46 लाख की लागत से बनेगी हाईटेक नर्सरी

केटी न्यूज/गाजीपुर

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंकुसपुर गाजीपुर में एक करोड़ 46 लाख की लागत से हाईटेक नर्सरी बनने जा रही है। इस अवसर पर उद्यान विभाग तथा मनरेगा से तैयार की जाने वाली हाईटेक नर्सरी की स्थापना के लिए स्वयं सहायता समूह तथा कौशल श्रमिकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें फल और सब्जी की उन्नत किस्म के पौधे तैयार की जाएगी। ऐसा किसानों को कम लागत से अधिक लाभ देने के लिए किया जा रहा है। इसके लिए जिले में नई तकनीकी से पौध रोपण किया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी शैलेंद्र दुबे द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र अंकुसपुर के कैंपस में जमीन चिन्हित कर लिया गया है। हाईटेक पौधशाला का निर्माण उद्यान विभाग की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा। योजना के तहत स्थानीय भौगोलिक परिस्थिति व आस-पास के क्षेत्रों के मांग के अनुरूप फल जैसे अनार, कटहल, नींबू, आम, अमरूद व सब्जी की उन्नत किस्म की पौध तैयार की जाएगी। किसान इस पौधशाला से फल व सब्जी को लेकर खुद की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकेंगे। नर्सरी में नेट हाउस सिंचाई सुविधा तथा हाइटेक ग्रीन हाउस आदि की सुविधा दी जाएगी। नर्सरी में उत्पादित पौधों की बिक्री स्थानीय इच्छुक किसान, एफपीओ राज्य स्तर के अन्य प्राइवेट नर्सरी अन्य प्रांतों के किसान संगठन द्वारा की जा सकेगी।

## एक करोड़ 64 लाख रु. से बलिया में महिला पुलिसकर्मियों के लिए बनेगा अलग बैरक

केटी न्यूज/बलिया

पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों के लिए अलग से बैरक का निर्माण किया जाएगा। 32 महिला पुलिसकर्मियों के लिए भूमि चिह्नित कर पिछले दिनों इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन 1.64 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृत दे दी गई है। इससे पुलिस कर्मियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

बैरक का डिजाइन और प्रस्ताव तैयार कर इसे मंजूरी के लिए प्रदेश मुख्यालय को भेजा गया था। शासन ने इसके लिए 1.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। पुलिस लाइन में महिला सिपाहियों के आवास जरूरत के हिसाब से काफी कम हैं। इसके चलते महिला सिपाहियों को अक्सर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

इसे देखते हुए पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों के आवास की सुविधा दिए जाने के लिए 32 सिपाहियों की क्षमता की बैरक का निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था। ये बैरक तीन मंजिला होगा।

**हर बैरक में किचन, बाथरूम और शौचालय की सुविधाः** बैरक में सिपाहियों के लिए किचन, बाथरूम और शौचालय के साथ ही अन्य सुविधाओं निर्माण किया जाएगा। इससे सिपाहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैरक पुराना और कम क्षमता की होने के कारण महिला पुलिसकर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई पुलिसकर्मियों को सरकारी आवास न मिलने पर किराए के मकान में रहना पड़ता है।